दिन– शनिवार दिनांक– 09 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

1 प्रधान न्यायाधीश डी. वाई चंद्रचूड़ कल सेवा निवृत्त होंगे। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना होंगे देश के अगले प्रधान न्यायाधीश।

2. विधानसभा की चार सीटों पर उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। एनडीए और महागठबंधन के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में कर रहे हैं चुनावी सभाएं।

3. छठ महापर्व के बाद बिहार से दूसरे राज्यों के लिए यात्रियों के लौटने का सिलसिला शुरू। पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए।

4. और राजगीर में 11 नवंबर से शुरू हो रहे महिला एशियन हॉकी चौंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने वाली सभी छह टीमें गया पहुंची।

————————————————————

भारत के मुख्य न्यायाधीश, डीवाई चंद्रचूड़, कल दस नवम्बर को आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ग्यारह नवम्बर को भारत के इक्यावनवें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। कई ऐतिहासिक फैसलों के लिए जाने जाने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के सम्मान में कल विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां, न्यायामूर्ति संजीव खन्ना, न्यायिक सेवा से जुड़े विद्वानों, वरिष्ठ वकीलों और अन्य गणमान्य लोगों ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के कार्यकाल के दौरान लिये गये महत्वपूर्ण निर्णयों में उनके योगदान की सराहना की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के कुछ ऐतिहासिक फैसलों में अयोध्या भूमि विवाद, सहमति से समलैंगिक यौन संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना और अविवाहित महिलाओं के लिए गर्भपात का अधिकार जैसे फैसले शामिल हैं।

————————————————————

महापर्व छठ की समाप्ति के बाद चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज तरारी और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करतेंगे। श्री कुमार कल बेलागंज और इमामगंज में चुनाव प्रचार करेंगे। इधर, भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा समेत एनडीए के सभी घटक दल अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसभाओं का आयोजन कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बेलागंज में एनडीए प्रत्याशी जदयू की मनोरमा देवी के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री

जायसवाल ने कई स्थानों पर जनसम्पर्क अभियान भी चलाया। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेता चुनाव प्रचार अभियान में जुटे हुये हैं। राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के पड़ाव मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी समेत इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इन सीटों पर तेरह नवम्बर को मतदान होना है।

————————————————————————

राज्य में छब्बीस नवम्बर को होने वाले पहले चरण के पैक्स चुनाव के लिए ग्यारह से तेरह नवम्बर तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। नामांकन पत्रों की जांच चौदह से सोलह नवम्बर तक होगी। उन्नीस नवम्बर को नाम वापस लिये जा सकते है। छब्बीस नवम्बर को मतदान होगा। जानकारी के अनुसार संबंधित जिलाधिकारियों के निर्णय के अनुसार छब्बीस या सत्ताईस नवम्बर को मतगणना होगी। वहीं, सत्ताईस नवम्बर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन का कार्य तेरह से सोलह नवम्बर तक होगा।

————————————————————————

छठ पूजा के संपन्न होने के बाद प्रदेश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में लोग दूसरे राज्यों और मेट्रो शहरों के लिए लौटने लगे हैं। यात्रियों की भीड़ को देखते हुये पूर्व मध्य रेलवे दानापुर और समस्तीपुर रेल मंडल सहित पांच मंडलों से अगले पंद्रह दिनों में चार सौ छियालीस विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेंगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि इस वर्ष भी त्यौहारों के बाद वापसी की भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे ने बड़ी योजना बनायी है।

———बाईट———

सीपीआरओ ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर भीड़ भाड़ के मद्देनजर य़ात्रियो की सुविधा के लिए ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीन लगायी गयी है। प्लेटफॉर्म पर अधिक भीड़ को प्रवेश से रोकने के लिए स्टेशन परिसर में होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। इसके अलावा लोग यूपीआई के माध्यम से अनारक्षित टिकट भी ले सकते हैं।

———बाईट———

मुख्य जन संपर्क अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली के विभिन्न स्टेशनों, मुम्बई, चेन्नई, सिकंदराबाद समेत देश के दूसरे हिस्सों के लिए भी पर्याप्त संख्या में रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं।

———बाईट———

इधर, पटना जंक्शन समेत सभी प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ के मद्देनजर ग्यारह नवंबर तक प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री पर रोक लगा दी गयी है। भीड़ भाड़ नियंत्रित करने के लिए तीन दिनों तक पार्किंग पर भी रोक रहेगी। हालांकि पिक एंड ड्राप की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

————————————————————

रेलवे द्वारा पूजा के दौरान की गयी स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की यात्रियों ने प्रशंसा की है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में यात्रियों ने उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को स्वागत योग्य कदम बताया है और रेलवे के प्रति आभार व्यक्त किया है।

———वॉक्सपॉप———

————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर विशेष रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। महाप्रबंधक ने कहा कि वापस लौटने वाले पैंसेजर की सुविधा के लिए बाईस नवम्बर तक औसतन प्रतिदिन पैंतीस ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे यात्रियों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है। श्री सिंह दानापुर जंक्शन पर रेल यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

———बाईट———

————————————————————

इधर, समस्तीपुर मंडल रेल प्रशासन ने छठ पर्व पर लौटने वाली यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए समस्तीपुर समेत प्रमुख स्टेशनों पर बारह नवंबर तक प्लेटफार्म टिकट की बिक्री पर रोक लगा दी है। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने समस्तीपुर मे पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि क्राउड मैनेजमेंट को लेकर यह निणर्य लिया गया है।

———बाईट———

————————————————————

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों को रोकने के लिए देश में सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। श्री गडकरी ने कल छत्तीसगढ के रायपुर में भारतीय सड़क कांग्रेस के 83वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये कहा कि सड़क इंजीनियरिंग में सुधार से दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और लोगों की जान बचाई जा सकेगी।

———बाईट———

————————————————————————————

राज्य में शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने के दो दिनों के भीतर सोलह हजार चार सौ नौ शिक्षकों ने आवेदन किया है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर लगातार आवेदन मिल रहे हैं। शिक्षा विभाग ने कहा है कि स्थानांतरण और पदस्थापन के लिए प्रत्येक शिक्षक दस–दस विकल्प दे सकते हैं, जबकि न्यूनतम तीन विकल्प देना अनिवार्य है। सक्षमता परीक्षा पास और बीपीएससी द्वारा नियुक्त शिक्षक बाईस नवम्बर तक स्थानांतरण और पदस्थापन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

————————————————————————————

राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद, नैक ने पटना विश्वविद्यालय समेत नौ कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों की मान्यता अगले आदेश तक बढ़ा दी है। इन संस्थानों की मान्यता इकतीस दिसम्बर को समाप्त हो रही थी। राज्य में नैक के नोडल अधिकारी प्रोफेसर एन. के. अग्रवाल ने बताया कि उन शिक्षण संस्थानों की मान्यता बढ़ाई गयी है, जिन्हें वर्ष दो हजार उन्नीस में मान्यता मिली थी। उन्होंने बताया कि अब इन शिक्षण संस्थानों को यूजीसी से मिलने वाली वित्तीर्य सहायता मिलती रहेगी।

————————————————————————————

राजगीर में ग्यारह नवंबर से आयोजित होने वाली महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने वाली सभी टीमें गया पहुंच चुकी हैं। दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और मलेशिया की टीमें कल गया एयरपोर्ट पहुंची। जहां खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत, जापान, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, और मलेशिया की टीमें को बोधगया में ठहरायी गयी है। यहीं से टीम पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मैच के दिन राजगीर जायेंगी।

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने महापर्व के समापन से जुड़ी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– छठ महापर्व, उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के लिए उठे लाखों हाथ।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– प्रदेश में छठ के दौरान डूबने से बासठ की मौत, ग्यारह लापता।

दैनिक भास्कर ने एएमयू पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जुड़ी खबर को लीड बनाते हुये लिखा है– एएमयू अल्पसंख्यक दर्जे पर सत्तावन साल पुराना फैसला पलटा।

प्रभात खबर की सुर्खी है– चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं जायेगी टीम इंडिया। राष्ट्रीय सहारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान दिये बयान को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– दुनिया की कोई ताकत तीन सौ सत्तर को नहीं कर सकती बहाल। आज की सुर्खी है– पंचतत्व में विलीन हुई बिहार कोकिला।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

1 प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ कल सेवा निवृत्त होंगे। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना होंगे देश के अगले प्रधान न्यायाधीश।

2. विधानसभा की चार सीटों पर उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। एनडीए और महागठबंधन के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में कर रहे हैं चुनावी सभाएं।

3. छठ महापर्व के बाद बिहार से दूसरे राज्यों के लिए यात्रियों के लौटने का सिलसिला शुरू। पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए।

4. और राजगीर में 11 नवंबर से शुरू हो रहे महिला एशियन हॉकी चौंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने वाली सभी छह टीमें गया पहुंची।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।